परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती

उत्तर प्रदेश पुलिस

दिनांक

24-04-2025

❖ **डीआईजी0 बस्ती द्वारा जनपद के थाना मोहाना का किया गया वार्षिक निरीक्षण।**

❖ **संबंधित को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।**

आज दिनांक 24/04/2025 को श्री दिनेश कुमार पी., पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती द्वारा वार्षिक निरीक्षण हेतु थाना मोहाना पहुचने पर पुलिस जवानों द्वारा गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया । तत्पश्चात डीआईजी बस्ती द्वारा डॉ.अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के साथ थाना मोहाना के थाना भवन, शस्त्रागार, बैरक, भोजनालय, थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्पडेस्क व साइबर हेल्प डेस्क, महिला एवं पुरूष हवालात,थाना परिसर,निर्माणाधीन भवनो,अभिलेखो आदि का निरीक्षण किया गया।

डीआईजी0बस्ती द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गये:-

(01) थाना कार्यालय, परिसर, हवालात, बैरक व टॉयलेट आदि की प्रतिदिन सफाई की जाए।

(02) थाने के असलहों को सप्ताह में एक दिन निकालकर विशेष सफाई की जाये।

(03) साइबर हेल्पडेस्क, महिला हेल्पडेस्क पर डीजी परिपत्र के अनुसार ड्यूटी लगायी जाये तथा प्राप्त शिकायतों का विवरण रजिस्टर में अंकित किया जाए। शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराकर फीडबैक लिया जाये।

(04) निर्माणाधीन भवनों का कार्य गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराया जाये।

(05) थाना के अभिलेखों अपराध रजिस्टर, रजिस्टर नंबर 8, फ्लाइशीट, एक्टिव लिस्ट, गुंडा, भूमि, भवन, ऑर्डर बुक न्यायालय, ऑर्डर बुक प्रार्थना पत्र, HS इंडेक्स का निरीक्षण किया गया। रजिस्टरो मे सभी प्रविष्टियो का अंकन कर अद्यावधिक किया जाये।

(06) थाने के टाप टेन अपराधियों की गतिविधियों की जानकारी कर कार्यवाही किया जाए।

(07) थाने के हिस्ट्रीशीटरो की निगरानी नियमानुसार दिन व रात्रि में करते हुए उसका विवरण रोजनामचाआम व फ्लाइशीट रजिस्टर में अंकित किया जाए।

(08) मालखाना व सरकारी संपत्ति का निरीक्षण कर उप निरक्षक गण को क्राइम किट का उपयोग घटनास्थल पर करने हेतु निर्देशित किया गया।

(09) प्रत्येक चौकी प्रभारी के पास वायरलेस, हैंड हेल्ड सेट हो जिससे आसानी से संपर्क स्थापित किया जा सके।

(10) मालमुकदमाती मालों का निस्तारण कराने तथा निरूद्ध वाहनों का निस्तारण ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत यथाशीघ्र कराने हेतु निर्देशित किया गया।

(11) मालखाना हेतु जगह कम है जिसे पुराने प्रशासनिक भवन में स्थापित किया जाए।

(12) पुराने भवनों को कंडम घोषित कराया जाय तथा बैरकों की मरम्मत कराई जाए।

(13) हल्का प्रभारी/उपनिरीक्षक व बीपीओ के बीटबुक का निरीक्षण किया गया जिन्हें बीटबुक में सभी प्रविष्टियों का अंकन करने व क्षेत्र के बारे में पूर्ण जानकारी रखने हेतु निर्देशित किया गया।

(14) सभी अधिकारी कर्मचारीगण से बलवा ड्रिल व शस्त्र हैंडलिंग का अभ्यास कराया गया।

(15) थाने के सीसीटीवी कैमरे सही दशा में क्रियाशील रखने हेतु निर्देशित किया गया।

(16) ऑपरेशन कवच के तहत ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक कर सभी को उनके कर्तव्यों व दायित्वों का बोध कराकर जागरूक कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने, सूचनाओं से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया।

उक्त वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ.अभिषेक महाजन, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी बांसी/लाइन एवं थाने पर नियुक्त समस्त अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

सोशल मीडिया सेल

रेंज कार्यालय, बस्ती।